बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-66
29/01/2020

# मुख्यमंत्री ने बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनायें दीं

**पटना, 29 जनवरी 2020 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ ऋतुराज बसंत के आगमन पर बसंत पंचमी तथा ज्ञान की अधिष्ठात्री मॉ सरस्वती की पूजा आराधना करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार में ज्ञान का प्रकाश तेजी से फैलेगा और बिहार अपने पुराने गौरवशाली इतिहास को प्राप्त करने में सफल होगा।

मुख्यमंत्री ने लोगों से आह्वान किया कि वे पारस्परिक सौहार्द्र के साथ बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा के पर्व को मनायें। साथ ही यह उम्मीद भी जतायी कि यह पर्व समस्त प्रदेशवासियों के लिए सुख, शान्ति, समृद्धि और सौहार्द्र का अनुपम उपहार देगा तथा प्रदेश में ज्ञान का स्वर्णिम प्रकाश अधिकाधिक विस्तारित होगा।

*******